भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 332 | बिजौलिया - सोमवार, 15 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

करोड़ों का रेलवे स्टेशन, फिर भी वीरान!

जनप्रतिनिधि जागें तो जागे ऊपरमाल का विकास, वरना सपनों का स्टेशन यूं ही रहेगा सुनसान

रेलवे स्टेशन बन गया, लेकिन रास्ते नहीं बने... करोड़ों खर्च हुए, मगर यात्रियों की राह आज भी अधूरी है

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

कपिल श्याम विजय। जिले में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित ऊपरमाल रेलवे स्टेशन आज भी अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर रेल सुविधा और विकास की उम्मीद लेकर बना यह स्टेशन बुनियादी सुविधाओं के अभाव, खराब सड़क संपर्क और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अपेक्षित पहचान नहीं बना पाया है। हालात यह हैं कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद स्टेशन पर यात्रियों की संख्या सीमित है और अधिकांश लोग आज भी भीलवाड़ा तथा कोटा रेलवे स्टेशन पर निर्भर हैं। उँदरो का खेड़ा स्थित ऊपरमाल रेलवे स्टेशन बिजोलिया नगर से लगभग 12 किलोमीटर दूर है, जबकि नगर पालिका सीमा से इसकी दूरी मात्र 5 किलोमीटर है। रेलवे ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म का विस्तार कर आधुनिक स्वरूप तो दिया, लेकिन स्टेशन तक पहुंचने के लिए सुगम सड़क और परिवहन व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप क्षेत्रवासी इसका अपेक्षित लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी नहीं

यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए स्टेशन पर आज भी पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। प्लेटफॉर्म पर एक भी वाटर कूलर उपलब्ध नहीं होने से गर्मी के दिनों में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं नहीं बढ़ेंगी, तब तक यात्री संख्या में वृद्धि की उम्मीद करना मुश्किल है।

35 वर्षों बाद भी अधूरी उम्मीदें

वर्ष 1991 के आसपास इस रेल मार्ग पर ट्रेन संचालन शुरू होने के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि ऊपरमाल क्षेत्र को रेल संपर्क के जरिए नई पहचान मिलेगी। देशभर में प्रसिद्ध सैंड स्टोन उद्योग, व्यापारियों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की संभावना थी, लेकिन तीन दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी स्टेशन अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप विकसित नहीं हो पाया है।

स्टेशन अधीक्षक ने बताई समस्याएं

स्टेशन अधीक्षक बनवारी लाल ने बताया कि स्टेशन पर कई मूलभूत समस्याएं हैं। प्लेटफॉर्म की लंबाई पर्याप्त नहीं है तथा यात्रियों के लिए वाटर कूलर जैसी आवश्यक सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि बिजोलिया से स्टेशन तक बेहतर सड़क और परिवहन सुविधा विकसित की जाए तो स्टेशन की उपयोगिता काफी बढ़ सकती है।

उन्होंने बताया कि स्टेशन पर ट्रैफिक विभाग का नौ सदस्यीय स्टाफ कार्यरत है तथा वर्तमान में प्रतिमाह लगभग 800 से 900 यात्रियों का आवागमन होता है। आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने पर यह संख्या कई गुना बढ़ सकती है।

रेलवे कर्मचारियों को भी झेलनी पड़ रही परेशानियां

स्टेशन परिसर में बने रेलवे कर्मचारियों के क्वार्टर भी जर्जर हालत में हैं। बारिश के दौरान छतों से पानी टपकता है और कर्मचारियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में बोरिंग के पानी की सप्लाई की जा रही है, जो फ्लोराइडयुक्त होने के कारण पीने योग्य नहीं माना जाता।

विडंबना यह है कि स्टेशन के समीप से चंबल पेयजल परियोजना की पाइपलाइन गुजर रही है, लेकिन स्टेशन को उससे जोड़ने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यदि स्टेशन को चंबल जलापूर्ति से जोड़ दिया जाए तो वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान हो सकता है।

ऊपरमाल का प्रमुख रेल केंद्र बनने की क्षमता

वर्तमान में ऊपरमाल क्षेत्र के अधिकांश लोग रेल यात्रा के लिए भीलवाड़ा और कोटा रेलवे स्टेशनों पर निर्भर हैं। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न हिस्सों में जाने के लिए लोगों को पहले कोटा या भीलवाड़ा जाना पड़ता है।

क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि स्टेशन का समुचित विकास किया जाए, अधिक ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित हो तथा बिजोलिया से स्टेशन तक बेहतर सड़क का निर्माण कराया जाए तो यह स्टेशन पूरे ऊपरमाल क्षेत्र का प्रमुख रेल केंद्र बन सकता है।

पर्यटन और व्यापार को भी मिलेगा बढ़ावा

ऊपरमाल रेलवे स्टेशन का विकास क्षेत्र के पर्यटन को भी नई पहचान दे सकता है। स्टेशन से पार्श्वनाथ तीर्थ, जोगणिया माता शक्तिपीठ, तिलस्वा महादेव, मेनाल झरना, भीमलत वॉटरफॉल, सीता का कुंड महादेव, मंदाकिनी, सेवन फॉल और भड़क जैसे प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान हो सकती है। इससे स्थानीय व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

फिलहाल चार ट्रेनों का ही ठहराव

वर्तमान में स्टेशन पर चित्तौड़गढ़ दिशा की ओर यमुना ब्रिज-रतलाम एक्सप्रेस और कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस का संचालन होता है, जबकि कोटा दिशा में मंदसौर-कोटा पैसेंजर तथा रतलाम-यमुना ब्रिज एक्सप्रेस संचालित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यहां और ट्रेनों का ठहराव बढ़ाया जाए तो यात्री संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

जनप्रतिनिधियों की पहल का इंतजार

क्षेत्रवासियों का कहना है कि ऊपरमाल रेलवे स्टेशन के विकास के लिए बेहतर सड़क संपर्क, पेयजल सुविधा, यात्री सुविधाओं का विस्तार और अधिक ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता है। उनका मानना है कि यदि जनप्रतिनिधि इस दिशा में गंभीर पहल करें तो करोड़ों रुपए से बना यह स्टेशन केवल रेलवे स्टेशन नहीं, बल्कि पूरे बिजोलिया और ऊपरमाल क्षेत्र के विकास का नया द्वार बन सकता है।

'स्टेशन तैयार है, अब विकास की ट्रेन का इंतजार है'

क्षेत्र के लोगों की मांग है कि वर्षों से उपेक्षित इस रेलवे स्टेशन को सुविधाओं से जोड़कर इसे क्षेत्र के विकास का केंद्र बनाया जाए। क्योंकि यदि ऊपरमाल रेलवे स्टेशन विकसित होगा तो पर्यटन, व्यापार, रोजगार और आवागमन सभी क्षेत्रों में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

मेवाड़ से मारवाड़ जा रही नशे की खेप पर ANTF की सर्जिकल स्ट्राइक: ट्रक के गुप्त चैंबरों से 517 किलो डोडा चूरा बरामद, बाड़मेर का तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) ने भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 517.07 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा से भरा एक ट्रक जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ मेवाड़ से मारवाड़ पहुंचाया जा रहा था, जिसे बीच रास्ते में ही पकड़ लिया गया।

आईजीपी विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रकाश पुत्र जोराराम जाट (31) निवासी ढाको का तला भूणियां, थाना धनाऊ, जिला बाड़मेर है। आरोपी के कब्जे से ट्रक नंबर आरजे 38 जीए 4189 सहित भारी मात्रा में डोडा चूरा बरामद किया गया।

ट्रक में बनाए थे गुप्त चैम्बर

पुलिस के अनुसार आरोपी ने ट्रक की चेसिस, बॉडी, केबिन और फर्श के बीच करीब एक-एक फीट गहरे गुप्त चैम्बर बनवा रखे थे। इन चैम्बरों में डोडा चूरा छिपाकर ऊपर लोहे की चादर वेल्ड कर दी गई थी ताकि सामान्य जांच में ट्रक खाली दिखाई दे। ANTF और स्थानीय पुलिस ने संदेह होने पर गैस कटर मशीन की मदद से चैम्बरों को काटा, जहां से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ।

नंबर प्लेट पर लगा रखी थी टेप

तस्कर ने पुलिस और आम लोगों की नजर से बचने के लिए ट्रक की नंबर प्लेट पर टेप चिपका रखा था, जिससे वाहन के वास्तविक नंबर आसानी से दिखाई नहीं दें। जांच में सामने आया कि आरोपी नशे की खेप सुरक्षित पहुंचाने के लिए यह तरीका अपनाता था।

सूचना पर बिछाया जाल

आईजीपी ने बताया कि ANTF को सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़ की ओर से एक ट्रक भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर मांडल होते हुए बाड़मेर जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने निगरानी शुरू की। मांडल के पास कोठारी नदी पुलिया पर संदिग्ध ट्रक दिखाई देने पर चालक को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन वह ट्रक को तेज गति से भगाने लगा। टीम ने पीछा कर मांडल चौकी के सामने सर्विस रोड पर ट्रक को रुकवा लिया।

पुलिस को करता रहा गुमराह

पकड़े जाने के बाद आरोपी लगातार ट्रक खाली होने की बात कहता रहा और खुद को आगे माल भरने जाने वाला चालक बताता रहा। हालांकि पुलिस को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ और गहन जांच में ट्रक के भीतर बने गुप्त चैम्बर सामने आ गए।

प्रति चक्कर 20 हजार रुपये लेता था

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मेवाड़ क्षेत्र से मारवाड़ में बैठे तस्करों तक नशे की खेप पहुंचाने का काम करता था। इसके बदले उसे प्रति चक्कर करीब 20 हजार रुपये मिलते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और सरगनाओं की तलाश में जुटी है।

सरकार ग्रामीणों को बेहतर सुविधा देने के लिए कटिबद्ध: जहाजपुर विधायक मीणा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना



पंचायत समिति की रीठ गारम पंचायत के कोदिया में 15वें वित्त आयोग के 52 लाख रुपये से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार की प्राथमिकता है। नए उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी तथा इलाज के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। सरकार ग्रामीणों को बेहतर सुविधा देने के लिए कटिबद्ध है क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान करण सिंह कानावत ने की। कार्यक्रम में निवर्तमान उपजिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश चंद्र तिवाड़ी, सीताराम रायका, नारायण सिंह राठौड़, कैलाश चंद्र सालवी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर खुशी जताई और इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया।

अहमदाबाद के प्राइवेट पीजी से 5 हजार का इनामी वाहन चोर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रतापनगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को अहमदाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी के प्रकरण में न्यायालयीन कार्यवाही भी लंबित थी और वह लगातार पुलिस से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था।

प्रतापनगर थाना प्रभारी सुनील ताड़ा ने बताया कि 12 जनवरी को पटेल नगर निवासी भंवरलाल जाट ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके नाम से पंजीकृत पिकअप बोलेरो को अज्ञात व्यक्ति उसके घर के बाहर से चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान एक आरोपी नितिन को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी पवन वैष्णव घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी पवन वैष्णव पूर्व में भी चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। घटना के बाद वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा और पहचान छिपाकर रह रहा था, जिससे पुलिस की गिरफ्त से दूर था। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने मांगरोल, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। लगातार निगरानी और पीछा करते हुए पुलिस ने आखिरकार आरोपी को अहमदाबाद स्थित एक निजी पीजी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

टोल लेन बदलते ही हादसा: ट्रैक्टर से भिड़ी कार, मां-बेटा गंभीर घायल

आरोली टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी, दोनों घायलों को कोटा रेफर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 स्थित आरोली टोल प्लाजा पर लेन परिवर्तन के दौरान एक कार पत्थरों से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में कार सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद टोल प्लाजा पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया तथा यातायात भी प्रभावित हुआ।

पुलिस के अनुसार कोटा के जवाहर नगर निवासी आशीष सोनी अपनी मां विनीता सोनी के साथ कार से उदयपुर की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टोल प्लाजा पर एक लेन बंद होने के कारण वाहनों को दूसरी लेन में डायवर्ट किया जा रहा था। इसी दौरान कार अचानक पत्थरों से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन में फंस गया।

हादसे के बाद ट्रैक्टर में भरे पत्थरों के टुकड़े सड़क पर बिखर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही टोल कर्मी, स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर बिजौलिया उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आशीष सोनी (35) एवं उनकी मां विनीता सोनी (70) को बेहतर उपचार के लिए कोटा रेफर कर दिया।

इधर, स्थानीय लोगों ने टोल प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कई बार पर्याप्त संकेतक और सुरक्षा इंतजाम किए बिना लेन परिवर्तन कर दिया जाता है, जिससे वाहन चालकों को अचानक दिशा बदलनी पड़ती है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। लोगों ने टोल प्लाजा पर यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

CMYK

चांदी की जेसीबी बनाकर भागीरथ ने दिखाई अनोखी कला

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

स्थानीय प्रतिभाएं किसी पहचान की मोहताज नहीं होतीं। आसींद के युवा स्वर्णकार कलाकार भागीरथ सोनी ने अपनी अनूठी हस्तकला का प्रदर्शन करते हुए शुद्ध चांदी से आकर्षक जेसीबी तैयार कर सभी को हैरत में डाल दिया है। ग्राहक की विशेष मांग पर बनाई गई यह कलाकृति क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। आसींद स्थित 'मातेश्वरी वर्क आर्ट' के संचालक भागीरथ सोनी पुत्र श्यामलाल सोनी ने बताया कि चांदी की इस जेसीबी को तैयार करने में करीब 32 घंटे का समय लगा। इसे बनाने में लगभग 57,500 रुपये की लागत आई है। बारीक नक्काशी और वास्तविक जेसीबी जैसी बनावट इस कलाकृति को विशेष बनाती है। भागीरथ सोनी इससे पहले भी अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने ग्राहकों की मांग पर चांदी के हेलीकॉप्टर, मोटरसाइकिल, मोबाइल कवर, तलवार, मुकुट, छत्र, घोड़े, हनुमानजी के गोटे, टेम्पो सहित कई आकर्षक कलाकृतियां तैयार की हैं, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा है।

ग्रामीण सेवा शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

विधायक पितलिया ने किया अवलोकन, 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

उपखंड क्षेत्र की सरगांव ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रविवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर ने विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई कर अधिकारियों को उनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। विधायक लादूलाल पितलिया ने भी शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

शिविर के दौरान विधायक पितलिया एवं अधिकारियों ने 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एसडीएम विवेक गुर्जर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समय पर समाधान करने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि लोगों को समय पर राहत मिलेगी तो उन्हें शिकायत लेकर शिविरों तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार प्रेमराज भील, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश शर्मा, चंबल परियोजना के सहायक अभियंता राकेश खोईवाल, जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनुराग प्रजापति, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमित मीणा, प्रशासक रामेश्वर लाल जाट, कनिष्ठ सहायक लोकेश पुरोहित, गिरदावर महेंद्र सिंह चुंडावत, पटवारी किरण यादव, एएनएम अनिता गर्ग, कृषि पर्यवेक्षक रेखा खटीक, प्रशासक प्रतिनिधि मुकेश कुमार अहिर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

24 घंटे में अज्ञात वाहन का खुलासा, ट्रेवल्स बस निकली हादसे की जिम्मेदार

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।

आमा-कालिरडिया मार्ग पर हुए सड़क हादसे में जीजा-साला की मौत के मामले में बड़लियास पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल करते हुए दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की पहचान कर ली। जांच में सामने आया कि हादसे को एक ट्रेवल्स बस ने अंजाम दिया था।

थानाधिकारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर तकनीकी जांच के आधार पर वाहन का सुराग जुटाया। जांच की कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस मध्यप्रदेश के रतनगढ़ तक पहुंची और दुर्घटना में शामिल बस का पता लगा लिया। गौरतलब है कि शनिवार अलसुबह आमा तालाब के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राहुल वैष्णव (24) निवासी दलेल सिंह जी का खेड़ा और दीपक वैष्णव (17) निवासी कान्या खेड़ी की मौके पर ही मौत हो गई थी। दोनों रिश्ते में जीजा-साला और अपने-अपने परिवार की इकलौती संतान थे।

पुलिस टीम के दीवान जितेंद्र गुर्जर, विनोद गढ़वाल और दिनेश लक्ष्कार की सक्रिय भूमिका से मामले का त्वरित खुलासा संभव हो सका। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

दिनदहाड़े सूने मकानों में चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में लगातार हो रही नकबजनी और चोरी की वारदातों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सदर थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दिन के समय सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

सदर थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया की 19 मई 2025 को बड़ा महुआ निवासी रेवाशंकर शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह अपने परिवार के साथ एक सामाजिक कार्यक्रम में गया हुआ था। दोपहर करीब 12 बजे घर लौटने पर मकान का मुख्य दरवाजा खुला मिला तथा अंदर के कमरों के ताले टूटे हुए थे। अज्ञात चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए थे। मामले में सदर थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास और संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र और पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए संदिग्धों की पहचान की गई। जांच के दौरान चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा निवासी मिथुन बाबू तथा भदेसर निवासी समीर खान उर्फ पप्पू को चिन्हित कर पूछताछ की गई। मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मुख्य मार्गों और नाकाबंदी पॉइंट से बचते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के कच्चे रास्तों का उपयोग करते थे। बाइक पर घूमकर वे पहले सूने मकानों की रेकी करते थे। इसके बाद एक आरोपी मकान के बाहर निगरानी रखता था जबकि दूसरा आरोपी ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर लेता था।

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई कई चोरी की वारदातों को कबूल किया है। इनमें मंगरोप क्षेत्र में दो से तीन मकानों में चोरी, सदर थाना क्षेत्र के सुवाणा और बड़ा महुआ गांव में चोरी तथा बिगोद थाना क्षेत्र के जोजावा गांव में नकबजनी की घटनाएं शामिल हैं। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

होलीरड़ा यज्ञ में इक्यावन हजार आहुतियां दी

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

जसवंत पारीक

समीपवर्ती होलीरड़ा गांव में चल रहे यज्ञ में रविवार को इक्यावन हजार आहुतियां जोड़ों द्वारा दी गई । पंडित गोपाल भट्ट ने बताया कि प्रातः 7.15 बजे स्थापित देवता पुजन आवाहित देवता हवन 11.15 और पुरुसुक्त हवन किया गया इसके बाद दोपहर 2.15 बजे रुद्र थाग हवन, 3.15 बजे नूतन मुर्तियों का फलाधिवास किया गया। वहीं शाम 5.15 बजे महाआरती की गई। यज्ञ में रविवार को हमीरगढ़ से संत जागेश्वर दास जी महाराज ने यज्ञशाला में उपस्थित रह कर श्रद्धालुओं को सनातन धर्म में यज्ञ का महत्व बताया। इस दौरान यज्ञ के प्रधान यजमान दीपक हरिशंकर जाट, हीरा लाल जाट, मथुरा लाल जाट सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत सत्कार किया।

QUICK BITES

भीम क्रांति दिवस पर बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा स्थल पर किया स्वच्छता अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

दिलखुश

अम्बेडकर संघर्ष समिति सावर द्वारा रविवार को भीम क्रांति दिवस के अवसर पर देवली चौराहे पर अंबेडकर गार्डन में स्थित भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा एवं सर्कल परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक सूरजकरण मालावत की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बाबा साहब के बताए समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष घनश्याम पंवार, मदन रेडिया, मदन आलोरिया, चांदमल खटीक, ओम प्रकाश कांसोटिया, सत्यनारायण महावर, उम्मेद सिंह दीदावत, अशोक मीणा, छोटू पंवार, विनोद पंवार, यश कुमार महावर सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के विचारों को समाज में आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

322वें सप्ताह में पहुंचा सेवा श्रम अभियान, बावड़ी और जल स्रोतों की की सफाई

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

परमेश्वर । अपना संस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जा रहा सेवा श्रम अभियान रविवार को भी जारी रहा। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जल स्रोतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कर सफाई कार्य किया।

तहसील अध्यक्ष मुरली मनोहर व्यास ने बताया कि सुबह बनेड़ा के मुख्य चौराहे स्थित ऐतिहासिक चौखी बावड़ी की सफाई की गई। श्रमदान के दौरान बावड़ी में जमा कचरा, मलबा एवं गंदगी हटाकर उसे स्वच्छ बनाया गया।

इसके बाद सुल्तानगढ़, कोडलाई तथा अमरगढ़ तंवरा का खेड़ा क्षेत्र में विभिन्न जल निकासी स्थलों (पो) की सफाई की गई। कार्यकर्ताओं ने मलबा और काई हटाकर जल स्रोतों की धुलाई की तथा कल्ली की पुताई कर उन्हें व्यवस्थित स्वरूप दिया।

अभियान में प्रांतीय सचिव विनोद मेलाना एवं साधना मेलाना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बनेड़ा में आयोजित श्रमदान में मुरली मनोहर व्यास, अरुणचंद्र देराश्री, भेरूलाल रेगर, रमेशचंद्र कोहली, नंदकिशोर माली, भगवानपुरी, सत्यनारायण शर्मा, शांतिलाल धावा, मनोज काबरा, सोहनलाल बेरवा, प्रशांत पोरवाल और उमेशचंद्र छिपा सहित कई स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।

जहाजपुर विधायक मीणा ने रीठ में की रात्रि चौपाल, ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही किया निस्तारण

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना

जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा ने पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रीठ मुख्यालय पर रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा संबन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करवाया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पुलिया, पेयजल एवं अन्य विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक मीणा ने झाड़ोल पुलिया का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ऋषिकान्त बेरवा को दिए। साथ ही बरसात से पूर्व क्षेत्र की आम सड़कों पर आवश्यक पैचवर्क करवाने के भी निर्देश दिए ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक मीणा ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। ग्रामीणों ने पिछले एक वर्ष से क्षेत्र में मस्टरोल जारी नहीं होने की जानकारी पर विधायक ने गंभीर लापरवाही के लिए विकास अधिकारी व पंचायत के सचिव को तीन दिवस में नरेगा के तहत काम शुरू करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा ने ग्रामीणों की समस्याओं को तुरन्त निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। तहसीलदार श्रीलाल मीणा, विकास अधिकारीलोकेश टांक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने ग्रामीणों की समस्याओं के आवेदन लेकर बारी-बारी से उपस्थित होने के साथ ही विभाग वार चर्चा के बाद विधायक मीणा को देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश तिवाड़ी सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

अधिक मास में सेवा का संकल्परू रामनिवास धाम में 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

रामस्नेही संप्रदाय की मुख्यपीठ रामनिवास धाम शाहपुरा में सेवा और मानव कल्याण की परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। धाम में संचालित मासिक राशन सहायता योजना के तहत जून 2026 में 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया गया। अधिक मास के पावन अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्य में जरूरतमंद परिवारों को दैनिक उपयोग की आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके परिवारों को राहत मिली।

रामद्वारा के कार्यवाहक भंडारी संत श्री नवनिध राम जी की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में इस माह की राशन सामग्री का संपूर्ण सहयोग बड़नगर (मध्यप्रदेश) निवासी डॉ. वासुदेव काबरा एवं उनके पुत्र डॉ. प्रखर काबरा परिवार की ओर से किया गया। काबरा परिवार ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सहयोग प्रदान किया।

संत नवनिधराम महाराज ने बताया कि रामनिवास धाम में पिछले कई समय से प्रत्येक माह 25 आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने की सेवा योजना संचालित की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य समाज के उन लोगों तक सहयोग पहुंचाना है, जिन्हें समय-समय पर आवश्यक सहायता की जरूरत होती है। धाम की यह पहल सेवा, परोपकार और सामाजिक समरसता का संदेश भी दे रही है। अधिक मास को सनातन परंपरा में दान, पुण्य और सेवा का विशेष महत्व प्राप्त है। ऐसे पावन अवसर पर किए गए इस सेवा कार्य को उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत प्रेरणादायी बताया। लाभार्थी परिवारों ने भी इस सहयोग के लिए रामनिवास धाम और सहयोगी परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

रामनिवास धाम की ओर से डॉ. वासुदेव काबरा, डॉ. प्रखर काबरा एवं पूरे काबरा परिवार को इस पुण्य कार्य के लिए साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की गई। धाम के संतों ने कहा कि समाज में संपन्न वर्ग यदि इसी प्रकार जरूरतमंदों के सहयोग के लिए आगे आता रहे, तो अनेक परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान कैलाशचंद्र तोषनीवाल, सूर्यप्रकाश बिड़ला, राकेश सोमाणी सहित कई श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में सहयोग देने वाले परिवार का अभिनंदन किया और इसे समाज के लिए अनुकरणीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों से केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा की ऐसी प्रेरणाएं भी समाज को नई दिशा देती हैं।

दादा कायम खां की 607वीं यौमे-ए-शहादत पर तीन दिवसीय सेवा एवं सद्भाव कार्यक्रम आयोजित

परिंडे वितरण, पशुओं को चारा, ऐतिहासिक कान जी का कुंड श्रमदान से संवारा, गरीब बच्चों को फल एवं राहगीरों को पिलाया शर्बते मोहब्बत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

मेवाड़ कायमखानी महासभा एवं जीव दया सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में कौम के बानी दादा नवाब कायम खां रहमतुल्लाह अलैह की 607वीं यौमे-ए-शहादत के अवसर पर 12 से 14 जून तक शाहपुरा में तीन दिवसीय सामाजिक सेवा एवं सद्भावना कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से जीव दया, मानव सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया गया।

मेवाड़ कायमखानी महासभा के सचिव फिरोज खां ने बताया कि 12 जून को जुम्मे की नमाज के बाद मस्जिद कायमखानीयान में शहर काजी सैयद शराफत अली एवं मौलाना मुमताज की सदारत में कुरानखानी एवं सामूहिक दुआ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात जीव दया सेवा समिति द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए निःशुल्क परिंडे वितरित किए गए ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर हाजी चांद खान कायमखानी, डॉ. मोहम्मद इशाक, नूर मोहम्मद दरियाखानी, राजू खान, सद्दीक खान हुसैनखानी, हाजी मुमताज खान, शब्बीर हुसैन आजाद, गुड्डू खान, बरकत खान दरियाखानी, इस्लाम खान, उस्मान खान दौलतखानी, महमूद खान, बाबू खान, चिराग खान, सलीम खान, फिरोज खान तथा नूर मोहम्मद सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। 13 जून को दादा कायम खां, जिन्हें करुणा और हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है, की शहादत की स्मृति में फुलिया गेट के बाहर बेजुबान पशुओं को हरा चारा एवं गुड़ खिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी दिन कायम खां डे के अवसर पर लगभग 200 वर्ष पुराने ऐतिहासिक कान जी का कुंड, जो कभी शाहपुरा से फुलिया तक यात्रा करने वाले राहगीरों, पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों एवं बैलगाड़ी से आने-जाने वालों की प्यास बुझाने का प्रमुख स्रोत था, उसके संरक्षण के लिए सामूहिक श्रमदान अभियान चलाया गया।

स्थानीय प्रशासन की उपेक्षा के कारण अस्तित्व संकट से जूझ रहे इस ऐतिहासिक कुंड की साफ-सफाई कर उसे उसके मूल स्वरूप में लाने का सार्थक प्रयास किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में हाजी चांद खान कायमखानी, मेवाड़ कायमखानी महासभा के सचिव फिरोज खां कायमखानी, जीव दया सेवा समिति के संयोजक अतू खां कायमखानी, समाज अध्यक्ष मुमताज खां कायमखानी, शौकत खां हुसैनखानी, फिरोज खान दिलावरखानी, पीसीसी सदस्य संदीप महावीर जीनगर, निवर्तमान पार्षद डॉ. मोहम्मद इशाक, सूफी चिराग खां कायमखानी, पूर्व कृषि अधिकारी नूर मोहम्मद, शिक्षाविद इस्माइल खान कायमखानी, गोरू खां भीमपुरा, हाजी उस्मान गनी सिलावट, हबीब खान दौलतखानी, पूर्व पार्षद रमेश व्यास, प्रभु सुगंधी, गोरू खां सामतखानी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, सुरेंद्र सिंह राणावत, संचिना अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक, कवि सत्येंद्र मंडेला सहित विभिन्न समाजों के अनेक लोगों ने भाग लेकर सामाजिक एकता का परिचय दिया।

उसी दिन शाम को मेवाड़ कायमखानी महासभा एवं जीव दया सेवा समिति द्वारा दलित बस्ती मोहन बाड़ी में गरीब बच्चों को फल एवं फ्रूट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सेवा और अपनत्व का संदेश पहुंचाना रहा।

तीन दिवसीय कार्यक्रमों का समापन 14 जून को फुलिया गेट पर राहगीरों के लिए ष्शर्बते मोहब्बतष् वितरण के साथ हुआ। इस दौरान असलम खां (मुन्ना उस्ताद), मोहसिन खां, शौकत अंदाज सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे और राहगीरों को शीतल शरबत पिलाकर भाईचारे एवं इंसानियत का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि दादा कायम खां के जीवन के मूल मूल्यकृत्याग, सेवा, करुणा और सामाजिक सद्भाव आज भी समाज के लिए प्रेरणा हैं। इन्हीं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह जानकारी संयुक्त रूप से मेवाड़ कायमखानी महासभा के सचिव फिरोज खां कायमखानी, जीव दया सेवा समिति के संयोजक अतू खां कायमखानी तथा पूर्व पार्षद डॉ. मोहम्मद इशाक ने दी।

यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर विधायक कोठारी ने ली समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विधायक अशोक कुमार कोठारी ने आज अपने कार्यालय में यातायात पुलिस अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

बैठक में विधायक कोठारी ने शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात संचालन को प्रभावी बनाने के लिए सड़क लाइनिंग करवाने, स्पीड ब्रेकरों को निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थित करने तथा आवश्यक स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने शहर के आवश्यक एवं व्यस्त यातायात वाले मार्गों पर 4 इंच ऊंचाई के प्लास्टिक डिवाइडर लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि यातायात का सुव्यवस्थित संचालन हो सके तथा सड़क मार्गों की चौड़ाई प्रभावित हुए बिना वाहनों का आवागमन सुचारू बना रहे।

विधायक ने साबुन मार्ग अंडरब्रिज क्षेत्र में यातायात को सुचारू एवं निर्बाध बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा सदन रोड एवं साबुन मार्ग पर लागू एकतरफा यातायात व्यवस्था का नियमित रूप से पालन सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया।

बैठक में गंगापुर चौराहे से पुर पुलिया तक मार्ग पर बने सभी स्पीड ब्रेकरों का सर्वे कर उन्हें व्यवस्थित करने तथा अनावश्यक रोड कट एवं अवैज्ञानिक ब्रेकरों को हटाने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी बाबूलाल टेपण, रामपाल सालवी एवं जमनालाल उपस्थित रहे। बैठक में एडवोकेट अर्पित कोठारी, बाबू लाल टाक, संजय राठी, गजेन्द्र सिंह तथा दिनेश सुथार उपस्थित रहे ।

मेनाल के गहरे कुंड में डूबा युवक, घंटों बाद मिला शव

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



प्राकृतिक सौंदर्य और झरनों के लिए प्रसिद्ध मेनाल में रविवार को दोस्तों के साथ घूमने आए एक युवक की गहरे कुंड में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। कई घंटे तक चले खोज अभियान के बाद सिविल डिफेंस की टीम ने शाम को युवक का शव बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार अजमेर निवासी युवकों का एक समूह धार्मिक एवं पर्यटन यात्रा पर निकला था। शनिवार को सभी ने सांवलियाजी और जोगणिया माताजी के दर्शन किए और रविवार को मेनाल पहुंच गए। यहां झरने के नीचे स्थित गहरे जलकुंड में नहाने के दौरान कानू सिंह रावत अचानक पानी में लापता हो गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुंड की गहराई और पानी की स्थिति के कारण सफलता नहीं मिल सकी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा चित्तौड़गढ़ से सिविल डिफेंस और गोताखोरों की टीम बुलाई गई।

तहसीलदार गोपाल जीनगर, थानाधिकारी कमलचंद मीणा सहित पुलिस जाब्ता घटनास्थल पर मौजूद रहा। कैलाश वैष्णव के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम ने घंटों तक कुंड में तलाश अभियान चलाया। आखिरकार शाम करीब 7 बजे युवक का शव बरामद कर बाहर निकाला गया। मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है।

भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

16 जून को भाजपा के विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में जुटेंगे जिले भर के प्रबुद्ध जन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला पदाधिकारियों की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में संगठनात्मक चर्चा के साथ ही मोदी सरकार के 12 वर्षों के उपलक्ष्य में 16 जून को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरवशाली और ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले भर में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 16 जून को भाजपा जिला कार्यालय पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन प्रातः 11.30 बजे किया जाएगा, जिसमें जिले भर से प्रबुद्ध जन भाग लेंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ उपस्थित रहेंगे।

मेवाड़ा ने बैठक में मंडल बैठकों के समयबद्ध और व्यवस्थित आयोजन, बूथ मैपिंग के साथ ही सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ते हुए बूथ समितियों के गठन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही जिलेभर में चल रहे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों व जनसंपर्क अभियान में सहभागिता का भी आह्वान किया। उन्होंने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के वृहद आयोजन को मंडल स्तर तक सफल बनाने की बात कही। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अनेक संगठनात्मक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट, प्रहलाद त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निम्बार्क आश्रम में 501 जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियों का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गांधी नगर स्थित निम्बार्क आश्रम में रविवार को सेवा, समर्पण एवं परोपकार का प्रेरणादायी आयोजन हुआ। आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री के करकमलों द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को 501 साड़ियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाभ प्राप्त किया तथा आयोजन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस पुनीत सेवा कार्य में श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के जिला संरक्षक बी.एल. जोशी , युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़ की महिला प्रदेश अध्यक्ष नीलम शर्मा तथा सदस्या दीपिका अरोड़ा एवं रतन पारीक की विशेष उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने सेवा कार्य को समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत मोहन शरण शास्त्री ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि सेवा, दया और परोपकार भारतीय संस्कृति की मूल भावना हैं तथा प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना है और ऐसे कार्य समाज में प्रेम, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुई श्रीमद्भागवत कथा, सुदामा-कृष्ण मिलन प्रसंग ने भावुक किया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

श्री नृसिंह द्वारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर कथा वाचक स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण- रुक्मिणी विवाह, सुदामा मिलन एवं कृष्ण वंश के विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया।

स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी सहित 16,108 रानियों के साथ विवाह कर लोककल्याण की अनेक लीलाएं कीं। उन्होंने अपने परम मित्र सुदामा से मिलन कर उनकी दरिद्रता दूर की और सच्ची मित्रता का आदर्श प्रस्तुत किया। कथा में कृष्ण वंशजों के प्रसंगों का भी रोचक वर्णन किया गया।

कथा के दौरान भड़केश्वरी पीठाधीश्वर स्वामी रामप्रियदास महाराज, नृसिंह द्वारा के संत श्यामदास महाराज, गोपालदास महाराज सहित कई संत-महात्माओं की पावन उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

कथा की पूर्णाहुति वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन के साथ संपन्न हुई। इसके पश्चात आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और स्मरण से मिलता है पापों से छुटकारा : स्वामी निर्मल दास

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

हरि शेवा उदासीन आश्रम स्थित सनातन मंदिर में सनातन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा का सप्तम दिवस एवं कथा विश्राम श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास डॉ. स्वामी निर्मल दास महाराज ने भगवान शिव के विभिन्न अवतारों, गुरु महिमा तथा वैराग्य का महत्व बताते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन, पूजन एवं स्मरण मात्र से मनुष्य के पापों का नाश होता है और भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। कथा में वामन अवतार, राजा बलि तथा बाणासुर के प्रसंगों का भी वर्णन किया गया। स्वामी जी ने कहा कि गुरु आज्ञा का पालन ही आध्यात्मिक उन्नति का आधार है तथा जीवन रहते प्रभु भक्ति और सत्कर्मों का मार्ग अपनाना चाहिए।

कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होकर झूम उठे। समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। वहीं प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विष्णु यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना की। आश्रम के संत मायाराम एवं गोविंदराम ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के धार्मिक आयोजनों की पूर्णाहुति सोमवार को होगी।

संगीतमय सुंदरकांड पाठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, देर रात तक गूंजते रहे जयकारे

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

माहेश्वरी सेवा संस्थान में गोयल परिवार के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रात्रि 8:30 बजे शुरू हुआ आयोजन देर रात तक भक्ति और श्रद्धा के माहौल में चलता रहा।

आयोजक मंडल के छोटूलाल माली ने बताया कि मध्यप्रदेश के गुरुपीठ निनोराधाम से पधारे राष्ट्रीय संत डॉ. मिथिलेश नागर ने सुंदरकांड की भावपूर्ण एवं संगीतमय प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लगभग चार घंटे तक चले पाठ में भगवान श्रीराम और हनुमानजी की महिमा के साथ सनातन धर्म एवं व्यवहारिक जीवन के महत्वपूर्ण सूत्रों का सरल एवं प्रेरक वर्णन किया गया।

आयोजन के दौरान पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर नजर आया। श्रद्धालु देर रात तक सुंदरकांड पाठ का आनंद लेते रहे और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन मंडल के आदित्य मंडोवरा ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन ने शहर में भक्ति और आध्यात्मिक जागरण का संदेश दिया है। कार्यक्रम में किशन माली, कन्हैयालाल माली, मुकेश माली, कैलाश माली, विनोद पिछोलिया, दिनेश बाफना, अशोक सोमानी, पुष्पेंद्र सिंह, शोभालाल जीनगर सहित गोयल परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

QUICK BITES

धर्म, भक्ति और समर्पण का संदेश देती है श्रीमद्भागवत कथा : आचार्य शक्ति देव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

संजय कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा मंदिर में श्री चारभुजा मंदिर सेवा समिति एवं महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 26वें पाटोत्सव महोत्सव के अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य शक्ति देव महाराज ने महाभारत एवं महाराज परीक्षित जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ। आचार्य शक्ति देव महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्वितीय ग्रंथ है। धर्म का वास्तविक स्वरूप बताते हुए उन्होंने कहा कि जो धारण करने योग्य हो वही धर्म है तथा निष्काम भाव से किया गया कर्म ही सच्चा धर्म कहलाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सभी देवी-देवताओं के प्रति सम्मान भाव रखने और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

महाभारत प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने धर्म स्थापना के लिए भगवान के अवतारों की महत्ता बताई तथा द्रौपदी, भीष्म पितामह, अश्वत्थामा और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि धर्म में दया, करुणा और क्षमा का भाव आवश्यक है।

कथा के दौरान महाराज परीक्षित जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तरा के गर्भ में पल रहे अभिमन्यु पुत्र की रक्षा कर उसे जीवनदान दिया, जो आगे चलकर महाराज परीक्षित के रूप में विख्यात हुए। उन्होंने कहा कि ईश्वर जिसकी रक्षा करते हैं, उसका कोई अहित नहीं कर सकता।

भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कथा के समापन पर महाराज परीक्षित की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का विशेष आयोजन आज, सेवा, संवाद और संगठन पर रहेगा फोकस

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल की ओर से सोमवार को भाजपा कार्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विकास, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को भी गति दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसमें सांसद, विधायक, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण तथा वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती साख जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रबुद्धजन संवाद और कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित होगा। वहीं, पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में वृक्षारोपण किया जाएगा। 'सेवा ही संगठन' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता गतिविधियों सहित विभिन्न सेवा कार्य भी संपादित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की रणनीति पर भी मंथन किया जाएगा। भाजपा पदाधिकारियों ने अधिकाधिक कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में सहभागिता का आह्वान किया है।

अधिकारों की अपेक्षा और कर्तव्यों की उपेक्षा से बढ़ रहे है पारिवारिक कलह : आचार्य सुदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

कस्बे के मध्य स्थित महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य सुदर्शन लाल महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति, परिवार और समाज की अधिकांश समस्याओं का मूल कारण अधिकारों की अपेक्षा तथा कर्तव्यों की उपेक्षा है। आज हर व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति सजग है, लेकिन अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति गंभीर नहीं है। आचार्य ने कहा कि परिवार में पुत्र पिता से, भाई भाई से तथा अन्य सदस्य एक-दूसरे से अपने अधिकारों की पूर्ति की अपेक्षा रखते हैं, किंतु स्वयं अपने कर्तव्यों का पालन करने से पीछे हट जाते हैं। इसी कारण परिवारों में मतभेद, तनाव और दूरियां बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के युग में परिवारों के टूटने और बढ़ती पारिवारिक कलह का प्रमुख कारण भी यही है कि लोग अपने अधिकार तो चाहते हैं, लेकिन कर्तव्यों के प्रति जागरूक नहीं हैं। जब परिवार के प्रत्येक सदस्य का ध्यान केवल पाने पर हो और देने तथा समर्पण का भाव समाप्त हो जाए, तब रिश्तों में मधुरता के स्थान पर संघर्ष और असंतोष जन्म लेने लगता है। आचार्य ने कहा कि समाज में बढ़ते विवाद, लड़ाई-झगड़े और अशांति का मूल कारण अधिकार जताने की मानसिकता है। यदि व्यक्ति अधिकारों की अपेक्षा छोड़कर अपने कर्तव्यों के पालन को प्राथमिकता दे, तो परिवार, समाज और राष्ट्र में सुख, शांति और समरसता का वातावरण स्थापित हो सकता हैउन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोग सेवा प्राप्त करने की आकांक्षा रखते हैं, लेकिन सेवा और समर्पण का भाव विकसित नहीं कर पाते। वास्तविक सुख, संतोष और आत्मिक शांति तभी प्राप्त होती है, जब व्यक्ति निस्वार्थ भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए दूसरों के प्रति समर्पित जीवन जीता है।धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाई - भाई का विवाद कभी भी न्यायालय में नहीं ले जाने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।